सार-समाचार

शैक्षिक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाई

पाटन (निसं)। रा.उ.मा.वि. न्यौराना पाटन का एक व्यावसायिक शैक्षिक भ्रमण हाल ही में आयोजित किया गया। इस भ्रमण के लिए प्रधानाचार्य श्रीमती निर्मला देवी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल आईटीआई अरावली कॉलेज, नीमकाथाना पहुंचा, जहां वहां के कंप्यूटर शिक्षक ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, उन्होंने आईटी ट्रेड और गूगल क्रोम के उपयोग के बारे में भी छात्रों को समझाया।विद्यार्थियों ने विषय को बहुत रुचि के साथ सुना और समझा, क्योंकि यह विषय उनके दैनिक जीवन में अत्यंत उपयोगी था। आईटी क्षेत्र की जानकारी और गूगल क्रोम के बारे में विस्तार से बताया गया, जो विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस भ्रमण में प्रधानाचार्य निर्मला देवी, कौशल शिक्षक नरेश कुमार, पवन कुमार (व्यावसायिक शिक्षा विभाग), वीटी मनीष और प्रेम छापोलिया भी उपस्थित थे। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। प्राचीन श्याम मंदिर के 59वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार की शाम निशान यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व सोमवार की रात श्रीतालवाले बालाजी मंदिर में निशान पूजन किया गया तथा श्रीश्यामसंकीर्त्तन का आयोजन हुआ, जिसमें गायक कलाकार बंटी शर्मा, पिंटू शर्मा, विक्रम प्रजापत, कृष्णानंद महाराज ने अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी। शुक्रवार की शाम 751 निशानों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो श्रीतालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई प्राचीन श्रीश्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। रथ में सवार श्याम बाबा की झांकी के साथ-साथ शोभायात्रा में भगवान शंकर एवं बालाजी महाराज की सजीव झांकियों पर कलाकारों ने कई हैरतअंग्रेज करतब दिखाते हुए अपनी प्रस्तुतियां दी। वहीं श्रद्धालु भजनों पर नाचते-गाते हुए निशान यात्रा के साथ चल रहे थे। निशान यात्रा को देखने बाजारों में लोगों की भीड़ रही। मंदिर पुजारी प्रदीप धर्ड, आशुतोष धर्ड ने सहयोगियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कृष्णानंद महाराज, कुलदीप व्यास, प्रदीप आत्रेय, सांवरमल तोषावड़, श्यामलाल प्रजापत, प्रकाश पारीक, प्रहलाद पारीक, भीमराज भोभरिया, कमलेश इन्दौरिया,संजय मुरारका सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक

सीकर (निसं)। एडीएम सिटी भावना शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीकर जिले में पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम शर्मा ने सीकर शहर की आवासीय कॉलोनियों में निराश्रित श्वानों के लिए एबीसी (पशु जन्म नियंत्रण) कार्यक्रम तथा एंटी-रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम को स्थानीय निकाय के माध्यम से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की गौशालाओं में पशुओं के प्रति करुणा भाव जागृत करने और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण के लिए स्लोगन लिखवाने की बात कही। साथ ही, गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगवाने और सड़क दुर्घटनाओं से गोवंश एवं आमजन को बचाने के लिए निराश्रित पशुओं के गले में रेडियम प्लेट लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. अंजन बल सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।.

चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

तारानगर (निसं)। मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के कंप्यूटर ऑपरेटरो ने मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के तत्वाधान में चार सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के नाम बीसीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चिकित्सा विभाग में लगे मशीन विद मैंन का सीएस रूल 2022 में जल्द सूची जारी कर वेतन न्यूनतम 21000 मासिक करने व करीब एक दर्जन विभागीय सॉफ्टवेयर में काम करने का इंसेंटिव जो मात्र 200 रुपए मासिक से बढाकर 1500 रुपए मासिक करने, सीएसआर रूल 2022 का दायरा बढ़ाते हुए सभी ऑपरेटर को शामिल करने एवं डीईओ को दिया जाने वाला इंसेंटिव मासिक दिए जाने का प्रावधान करने की मांग रखी। ज्ञापन देने वालों में दिनेश, अनिल शर्मा, जयप्रकाश स्वामी, किशन जांगिड़, अरविंद चारण आदि उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी नियुक्त

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में राजस्थान दिवस 2025 के उपलक्ष में 25 से 31 मार्च 2025 तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुसार पर्यवेक्षण,नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाकर निर्देशित किया है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्यक्रमों का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि राजस्थान दिवस 2025 के उपलक्ष में समस्त कार्यक्रम जिला परिषद् सभागार सीकर में निर्धारित समयानुसार होगें। आयोजन के लिए जिला परिषद् सभागार में समस्त व्यवस्थाएं संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग सीकर व आयुक्त नगर परिषद् सीकर द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। समस्त कार्यक्रमों की समग्र प्रभारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा रहेंगी।

सज्जन रोलन नगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त

खिरोड़, (निसं)। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित मेघवाल एवं जिलाध्यक्ष झुंझुनूं विकास आल्हा एवं इंद्राज सोगण नवलगढ़ तहसील अध्यक्ष ने संगठन का विस्तार करते हुए सज्जन रोलन को नगर मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इंद्राज सोगण ने बताया कि सज्जन रोलन पिछले कई वर्षों से संगठन के प्रति ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। तहसील महासचिव अनिल अठवाल, गजानंद खरेशवाल, सुनील माहिच, मंजीत आलड़िया पूर्व तहसील अध्यक्ष, सुनील माहिच, मुकेश माहिच, अनिल सोगण ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बसावा, रविंद्र वोयल, प्रवीण कुमार सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

मोहित का केंद्रीय सचिवालय में चयन

खिरोड़, (निसं)। चिराना कस्बे के बजरंगलाल सैन के दोहिते मोहित सैन का केंद्रीय सचिवालय सेवा में चयन हुआ है। मोहित के मामा जितेंद्र सैन ने बताया कि मोहित का नई दिल्ली स्थित केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। मोहित बचपन से ही मेधावी विद्यार्थी रहा है। मोहित सैन अभी मुंबई में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। मोहित सैन का चयन केंद्रीय सचिवालय में अस्सिटेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर होने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

जिला परिषद की बैठक आठ अप्रेल को

सीकर (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 8 अप्रेल 2025 को प्रातः11.30 बजे जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार भवन में आयोजित की जायेगी।

रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा 26 मार्च 2025 (बुधवार) को पंचायत समिति दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत खाचरिवास में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई करेंगे। रात्रि चौपाल प्रभारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे तथा तहसीलदार सहायक प्रभारी होंगे।

महिलाएं राष्ट्र की धुरी, सक्षम राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी : आर्य

■ राजस्थान दिवस पर हुआ जिला स्तरीय महिला सम्मेलन, महिलाओं को बेबी किट प्रदान किए

चूरू (निसं)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश स्तर पर बाडमेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय पर टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुडा रहा।

इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, बसंत शर्मा सहित अतिथि अन्य उपस्थित थे। महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेंद्र सिंह, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, सीडीपीओ सीमा गहलोत, सुपरवाइजर कृष्णा, जेईएन पूनम आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए सशक्त प्रयास कर रहे हैं। महिलाएं राष्ट्र की धुरी हैं। सक्षम राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त महिलाओं का होना जरूरी है।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस दिशा में केंद्र व राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही हैं। इस दौरान महिलाओं को बेबी किट, बधाई संदेश, ऋण वितरण के चेक व इंडक्शन कुकटॉप व बालिकाओं को स्कूटी प्रदान की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने लाडो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रियंका, जास्मिन, रेणु, सुनिता, पूजा, शबनम, फिरदोश, मुस्कान, आसमीन, नूरुबानो आदि महिलाओं को बेबी किट, बधाई संदेश व शॉल भेंट कर, घर पर सोलर ऊर्जा अपनाने वाली सुलोचना, मनोहरी देवी, उर्मिला देवी, राजू देवी, मीनू देवी, ऋतु गोयल, डॉ. कंचन शर्मा, सीता देवी, वीणा शर्मा, इंदु देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, रहीशा बानो, लक्ष्मी, बबलू कंवर, सुशीला शर्मा आदि महिलाओं को इंडक्शन कुकटॉप, मार्च माह में राजीविका महिलाओं को 4 करोड़ 85 लाख रुपए के ऋण वितरण के चेक प्रदान किए गये। इसी क्रम में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत प्रीति मीणा, कमला शर्मा, दीपिका गुर्जर, इंशु नायक, सानिया खान आदि बालिकाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी।

बाडमेर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला शक्ति के सम्मान और उत्थान के लिए संकल्पित है। महिलाओं को आगे बढाने और उनको समृद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार अपने गौरवशाली निर्णयों के लिए प्रतिबद्धता से कदम बढा रही है।

उन्होंने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में लाडो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लाभार्थियों को पहली किश्त, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में सब्सिडी राशि, राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सीआईएफ राशि का हस्तांतरण, गार्गी पुरस्कार व आपकी बेटी योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से राशि टांसफर की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीसी के जरिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान एसीपी नरेश टुहानिया, जेंडर स्पेशलिस्ट ज्ञानप्रकाश गोदारा, सुमेर सिंह सहित बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन शिवकुमार शर्मा व प्रभु दयाल सैनी ने किया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 13 अप्रैल को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राष्ट्रीय फुले बिग्रेड की ओर से 13 अप्रैल को समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 11वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय राजमार्ग सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय फुले बिग्रेड के लक्ष्मनगढ ब्लांक अध्यक्ष विनोद सांखला सेठों की कोठी,नेछवा ब्लांक अध्यक्ष दिनदयाल चुनवाल,शहर अध्यक्ष विकास गौड़,देहात अध्यक्ष मनोज धाभाईयों की ढाणी, शहर यूथ अध्यक्ष जितेन्द्र टाक व ग्रामीण यूथ अध्यक्ष सुरेन्द्र साँखला ने बताया कि शेखावटी अंचल में समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय व अतुलनीय सहयोग देने वाले समाजसेवी स्व.बागडी की 11वीं पुण्यतिथि पर रविवार 13 अप्रैल को प्रातः 10 .15 बजे से शाम 6.15 बजे तक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा जिसमें सीकर ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रहण करेंगी।

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 8/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री दिलीप कुमार केजरीवाल पुत्र श्री बसंत लाल महाजन मौहल्ला, वार्ड नम्र 07 भोडकी, जिला झुंझुनूं द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत जमवायमाता चैरिटबल ट्रस्ट भोडकी जिला झुंझुनू के न्यायासियो में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख किये जाने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24.04.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रतिभा सम्मान समारोह 30 मार्च को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। गौड ब्राह्मण सभा लक्ष्मणगढ़ की ओर से भामाशाह मालीराम सुरोलिया द्वारा उपखंड अधिकारी कार्यालय के पीछे प्रदत गौड ब्राह्मण मंगल भवन के जीर्णोद्धार समाजोत्थान चिंतन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 30 मार्च को किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रणव आश्रम गनेडी के निवृत्ति नाथ जी महाराज एवं श्री रघुनाथ जी का बडा मंदिर के महंत अशोक दास जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम के तहत गत एक वर्ष में चिकित्सकीय अध्ययन हेतु चयनित प्रतिभाएं, आईआईटी में चयनित, सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले,प्रशासनिक सेवा में चयनित, सरकारी सेवा में चयनित एवं किसी भी क्षेत्र में स्वर्ण या रजत पदक प्राप्त करने वाली गौड़ ब्रह्मण समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

■ देर शाम को घर में घुसकर तोड़फोड़ की थी

खेतड़ी, (निसं)। खेतडीनगर पुलिस ने देर शाम को घर में घुसकर तोडफोड की वारदात कर फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर दस हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि

थाना क्षेत्र के चरणसिंह नगर निवासी भवानी सिंह पुत्र राजुराम जाट निवासी ने आरोपी नरेन्द्र पुत्र सुरेश कुमार द्वारा उसकी अपनी पिक-अप गाडी पर लगे डाले व डीजे सीस्टम को खुर्द-बुर्द करने तथा आरोपी से डीजे वापिस देने की कहने पर आरोपी नरेन्द्र पुत्र सुरेश कुमार एवं उसके साथियों जेपी पुत्र पाबुदान सिह, अनिल पुत्र सुभाष दादरवाल द्वारा रात के समय घर में घुसकर मैन गेट में तोड़फोड़ करने मौके पर खडी कार के शीशे तोडने एवं जान से मारने की धमकी देकर फरार होने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले को गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुये प्रकरण में

खेतड़ीनगर पुलिस ने एक इनामी आरोपी को गिरफ्त में लिया।

आरोपियान की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। गठित टीम थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आरोपी का लगातार पीछा करते हुए सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा आरोपी की गिरफ्तार करने के 10 हजार रूपए ईनाम की घोषणा की गई।

आरोपी घटना के समय से ही अपने निवास से फरार चल रहा था जो नेपाल, पटना, आगरा, बीकानेर तथा जयपुर में गिरफतारी से बचने के लिए छिपता फिर रहा था जो फसल कटाई का दबाव होने से घर पर आया हुआ था, जिसको मुखबीर की सूचना पर टीम ने नंगली सलेदी सिंह से दस्तयाब कर बाद पूछताछ प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

आरोपी राजलदेसर में एक तस्करी के मामले में वांछित चल रहा है। इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल, एएसआई रमेश कुमार, एचसी राजेश कुमार, कांस्टेबल मनीष कुमार, अमरचंद, नेमीचंद आदि शामिल थे।

विवाधको के स्थिरीकरण के लिये सम्मन आदेश 5 नियम 1 व 5
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय तारानगर जिला चूरु
प्रार्थना पत्र संख्या मु.दी.उत. 02 सन् 2025
आरजू आदि बनाम सर्वसाधारण आदि
वाद अन्तर्गत घोषित करवाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र
नोटिस बनाम : सर्वसाधारण आदि
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीनी आरजू उम्र 22 साल पत्नी स्व. जोगेन्द्र सिंह जाति जाट निवासी वार्ड नम्बर 26 पट्रोल पम्प के पिछे कस्बा तारानगर जिला चूरू ने स्वयं व अपनी. नाबालिग पुत्रीया काव्या, वंशिका जरिये कुदरती वली संरक्षक माता आरजु ने एक प्रार्थना पत्र करवाने उतराधिकर प्रमाण पत्र जोगेन्द्र सिंह पुत्र सुभाष जाति जाट निवासी वार्ड नम्बर 26 पट्रोल पम्प के पिछे कस्बा तारानगर जिला चूरू जो दिनांक 08.03.2024 को सड़क दुर्घटना में लगी गम्भीर चोट के कारण मृत्यु हो गई जिसकी जीवन सुरक्षा बीमा HDFC LIFE INSURANCE COMPANY LIMITED And ACKO GROUP HEALTH INSURANCE POLICY से करवाई हुई थी। बीमा पॉलिसी से मिलने वाले परिलाभ के लिए उतराधिकार प्रमाण पत्र बनाने के लिये संस्थित किया है। अगर किसी को इस बाबत किसी भी प्रकार का एतराज हो तो आप इस न्यायालय में दिनॉक 22.04.2025 को दिन के 8 AM. बजे प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होवें। जिसके लिये आपको समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जावेगा। यह आज दिनांक 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
न्यायालय अपरजिला एवं सेशन न्यायाधीश तारानगर जिला चूरू
91(1)/ 25-3-25

वीरगति स्मारक का लोकार्पण आज

■ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह करेंगे लोकार्पण

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक अब वीरगति स्मारक के नाम से जाना जायेगा। आपको बता दें कि रतननगर के हीरावत परिवार के आर्थिक सौजन्य से स्मारक का जीर्णोद्धार कराया गया है। स्मारक के सामने पुणे से लाया गया 38 टन का टी-55 टैंक व जोधपुर से मंगवाई गई दुश्मनों से लोहा लेती योद्धाओं की प्रतिमा लगाई गई है। स्मारक में 55 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया गया है।

स्मारक में देश की सुरक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुए चूरू जिले के 89 शूरवीरों का स्मृति शेष वीरता की कहानी कहता नजर आएगा। अशोक चिह्न सहित 35 फीट का स्मारक व उसमें बनी उल्टी राइफल पर रखा हेलमेट जिले के शूरवीरों के सम्मान का प्रतीक है। स्मारक के चारों ओर विभिन्न प्रजाति के फूल-पौधे व परिसर में लगाई गई हरी घास हर किसी को आकर्षित कर रही है। वीरगति स्मारक का लोकार्पण 26 मार्च को जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ दक्षिण पश्चिम कमान के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार प्रातः 9:30 बजे समारोह पूर्वक होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड ने बताया कि स्मारक का चार सितंबर 2024 को भूमि पूजन किया गया था। पत्थर से लेकर फूल-पौधे भी अलग-अलग राज्यों व जिलों से मंगवाए गए। जोधपुर से ग्लास फाइबर से निर्मित तीन शूरवीरों की मूर्तियां मंगवाई गई। उन्होंने बताया कि यहां पहले बिना अशोक चिह्न के 21 फीट का स्मारक था। अब अशोक चिह्न सहित 35 फीट ऊंचा स्मारक बनाया गया है। अशोक चिह्न जयपुर से मंगवाया गया। स्मारक, स्मृति शेष व श्रद्धांजलि प्लेटफार्म बाडमेर-जैसलमेर बॉर्डर स्थित लाखा माइंस से मंगवाए गए। स्मारक के नीचे का फर्श रूबीग्रेनाइट से बना है। परिसर की चारदीवारी राजसमंद से मंगवाए गए ग्रेनाइट पत्थर की है।

राठौड़ ने बताया कि बुधवार 26 मार्च को प्रातः स्मारक का लोकार्पण, श्रद्धांजलि सभा और वीरांगनाओं का सम्मान किया जायेगा। तत्कालीन जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के नवाचार के तहत रतननगर के भंवरलाल व संपति देवी हीरावत की स्मृति में उनके बेटे बसंत हीरावत व अभय हीरावत के सहयोग से स्मारक का पुनर्निर्माण करवाया गया है। स्मारक का निर्माण रामरतन कटारिया की देखरेख में हुआ।

बसंत हीरावत, भामाशाह रतननगर ने बताया कि यह स्मारक तत्कालीन जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के नवाचार और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ की प्रेरणा और उनके अथक प्रयासों से ही यह संभव हुआ है। इनकी देखरेख में इस वीरगति स्मारक का निर्माण हुआ है।

कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, चूरू ने बताया कि शेखावाटी का यह एकमात्र वीरगति स्मारक है, जो हर किसी को अलग अंदाज में नजर आएगा। राठौड़ ने बताया कि यह टैंक बलशाली सेना का प्रतीक है और यह तिरंगे के नीचे लगी सोल्जर की प्रतिमायें तिरंगे की शान के लिए हर वक्त तैयार और मर मिटने को तत्पर रहने का संदेश देती है।

ऊर्जा बचाने का संदेश दिया

सीकर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सीकर के निर्देशन में स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा के तत्वावधान में 24 मार्च 2025 को श्री श्याम पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय कुशालपुरा में ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संघ उप प्रधान बीरबल सिंह मूंड की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद मील सहायक जिला कमिश्नर स्थानीय संघ के सानिध्य में किया गया। मुख्य वार्ताकार के रूप में सरोज लॉयल जिला बुलबुल कमिश्नर, बसंत कुमार लाटा सी.ओ.स्काउट सीकर ,राकेश बड़ौदा सरपंच कुशलपुरा, शारदा प्रधानाचार्य महात्मा गांधी गुंगारा ,जवाहर सिंह सेवानिवृत्ति व्याख्याता, पुरुषोत्तम सोनी जिला प्रशिक्षण आयुक्त ,रामचंद्र सिंह आर्य समाजसेवी ने अपने-अपने विचारों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के बारे में प्रोत्साहित किया गया। किशनलाल सियाक सचिव स्थानीय संघ ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कमलेश कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा निदेशक श्री श्याम पब्लिक स्कूल, प्रेम सिंह नेहरा, बनवारी लाल पंचायत समिति सदस्य, कार्यक्रम में मंच के माध्यम से इस अवसर पर आशीर्वाद प्रदान किया।

उद्घघोषणा(इश्तहार)
न्यायालय सिविल न्यायाधीया एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, राजगढ़ जिला चूरू (राज.)
प्रकरण सं. 68 सन 2023
रमन कुमार शर्मा वगैरह बनाम सर्वसाधारण
वाद घोषित किए जाने सिविल डेथ ।
नोटिस बनाम -
सर्वसाधारण आम व खास
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध वादीगण ने अपने पिता विद्याधर पुत्र महावीर जति ब्राम्हण निवासी नोरंगपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) की सिविल डेथ घोषित करवाने हेतु इस न्यायालय में एक वाद संस्थापित किया है। इसलिए हर आम व खास राजस्थान व भारत सरकार के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वे इस वाद में कोई अपना किसी भी प्रकार का कोई हित रखते है तो वे इस वाद में इस न्यायालय में तारीख 01 माह 04 सन् 2025 को दिन में समय 10:00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होकर स्वयं या अपने प्लीडर के द्वारा अपनी आपत्ति व उजर प्रस्तुत करें अन्यथा आपके खिलाफ एकपक्षीय व आपकों बिना सुनें उक्त वाद का फैसला कर दिया जावेगा। यह नोटिस दिनांक 24 माह 03 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सिविल न्यायाधीश
राजगढ जिला चूरू

कार्यशाला आयोजित

सीकर (निसं)। अटल भूजल योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को पंचायत समिति सभागार धोद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर राजपाल यादव के मार्गदर्शन में किया गया।

भूजल विभाग के वरिष्ट भूजल वैज्ञानिक एवं नॉडल अधिकारी दिनेश कुमार ने उपस्थित जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अटल भूजल योजना के बारे में जानकारी दी।

जिला ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी की बैठक हुई

चूरू (निसं)। रतनगढ़ रोड स्थित फुले कैन्टीन परिसर में जिला ओबीसी वेल्फेयर सोसाइटी की बैठक सोमवार को मोहनलाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में आगामी 11 अप्रैल 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फूले की 199वीं जयन्ति व 14 अप्रैल 2025 को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ति मनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे आर्य ने बताया कि दोनों ही विभूतियां केवल अपने समाज और वर्ग के उद्धारक ही नहीं थे, बल्कि देश में किसी भी जाति और धर्म के वंचित और कमजोर लोगों के अधिकारों की लड़ाई लडते हुए उन्हें जागृत किया और न्याय दिलाने का काम किया। इसके साथ ही बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें अधिकार दिलाए और बाल विवाह, छुआछूत, सती प्रथा, जाति प्रथा आदि कुरीतियों और बुराईयों के लिए लड़े और उनके पक्ष में कानून बनवाए। दोनों ही समाज-सुधारक महान विभूतियां देश की आबादी दलित, आदिवासी, पिछडे, शोषित और वंचित वर्ग को जागृत करने और न्याय दिलाने का काम करते हुए अपने अल्पकाल जीवन में अपनी अर्धांगिनियो के साथ अपने जीवन को इसमे लगा दिया।

सफाई व्यवस्था व रोशनी को लेकर ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। शहर में सफाई व्यवस्था, लाईट व रोशनी व्यवस्था को सही करने की मांग को लेकर मंगलवार को निवर्तमान पार्षद अंजनी शर्मा के नेतृत्व में शहर वासियों ने अधीक्षण अभियंता पूर्णिमा शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि पूरे शहर में जगह-जगह कचरे व गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नाले कचरे व मिट्टी से भरे पडे हैं। वार्डों में सफाई कर्मी नहीं आते हैं और न ही घर-घर कचरा संग्रहण वाले आ रहे हैं। इस कारण शहर की सफाई व्यवस्था काफी गडबडा रही है। ज्ञापन में बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था, लाईटें, खुले पडे चैंबर, मुख्य सडकों पर बने गड्ढों को भरवाने व शहर के नाले-न